हरियाणा उत्कृष्टता केंद्र

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **हरियाणा सरकार** ने विनियमित शहरी विकास के लिये **शहरी उत्कृष्टता केंद्र (CUE)** स्थापित करने का निर्णय लिया है।

मुख्य बिंदु

- **नोडल एजेंसी और उद्देश्य:**
  - नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग (DTCP) हरियाणा में नियोजित विकास के लिये नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करता है।
  - CUE का लक्ष्य **अत्याधुनिक ज्ञान, क्षमता और कार्यान्वयन मॉडल बनाने के लिये एक प्रतिष्ठित संस्थान के साथ साझेदारी करना है।**
  - इसका उद्देश्य **नवाचार को बढ़ावा देना, हितधारक संवाद को सुविधाजनक बनाना** तथा एक दशक के भीतर हरियाणा के शहरी जीवन-यापन सूचकांक को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के स्तर तक बढ़ाना है।
- **हरियाणा में शहरी विकास:**
  - 2011 की जनगणना के अनुसार हरियाणा का शहरीकरण स्तर (35%) राष्ट्रीय औसत (31%) से अधिक है।
  - राज्य की शहरी जनसंख्या वृद्धि दर (44.25%) राष्ट्रीय दर (32%) से अधिक है।
  - तीव्र शहरीकरण ने शहरी विकास चुनौतियों से निपटने के लिये CUE जैसी नीति विकालत संस्था की आवश्यकता को उजागर किया है।
- **मिशन और केंद्रित क्षेत्र:**
  - CUE का मिशन व्यवस्थित शहरी नवाचार और शासन के लिये राज्य एजेंसियों की क्षमताओं को मजबूत करना है।
  - इसमें निम्नलिखित पर ध्यान दिया जाएगा:
  - पर्यावरणीय स्थिरता।
  - प्रौद्योगिकी अपनाना।
  - संसाधन संरक्षण।
  - लोगों को सर्वप्रथम रखने वाला दृष्टिकोण।
  - संतुलित वृद्धि और विकास के लिये नीतियों और प्रथाओं को आकार देना।
  - गतिविधियों में अनुसंधान, रणनीतिक सलाह, तकनीकी सहायता, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण शामिल हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/haryana-centre-of-excellence